**भारत सरकार**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**

**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4554**

**जिसका उत्तर सोमवार, 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है**

**ऑटोमोटिव मिशन प्लान**

**4554. श्री बैजयंत जे. पांडा:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2006-16 के अंतर्गत निवेश और उत्पादन क्षमता से ऑटोमोबाइल उद्योग में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार भारी वाहनों की बिक्री को बढ़ा पायी है;

(घ) यदि हां, तो विभिन्न वाहनों की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा भारी वाहनों की बिक्री में बढ़ोत्तरी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री पोन्. राधाकृष्णन)**

**(क):** जी, हां। ऑटोमोबाइल उद्योग में ऑटोमोटिव मिशन प्लान – 2006-16 के अंतर्गत निवेश और उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि हुई है।

**(ख):** ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| | 2005-06 | 2012-13 | अतिरिक्त |
|---|---|---|---|
| ऑटोमोबाइल उद्योग द्वारा कुल निवेश [₹ करोड़ में] | 32,748 | 121,316 | 88,568 |
| कुल उत्पादन क्षमता [संख्या में] | 12,663,600 | 28,435,020 | 15,771,420 |

**(ग):** वाहनों के सभी वर्गों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।

**(घ):** ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ग | घरेलू बिक्री (संख्या में) | | निर्यात (संख्या में) | |
|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2013-14 | 2005-06 | 2013-14 |
| यात्री वाहन | 1,143,076 | 2,503,685 | 175,572 | 593,507 |
| वाणिज्यिक वाहन | 351,041 | 632,738 | 40,600 | 77,056 |
| तिपहिया वाहन | 359,920 | 479,634 | 76,881 | 353,392 |
| दुपहिया वाहन | 7,052,391 | 14,805,481 | 513,169 | 2,083,938 |

**(ङ):** सरकार का ऑटोमोटिव मिशन प्लान एक व्यापक नीति दस्तावेज है जिसमें सभी सेगमेंट शामिल हैं और जो कई नीतिगत उपायों की सिफारिश करता है।

******